# पाठ योजना

कक्षा:- सात इकाई: - दो (परिश्रम)

## पाठ का नामः- गाँधीजी की नमक कथा

अधिगम उद्देश्य:-

- कहानी पढ़कर आशय ग्रहण करना ।
- कहानी की भाषा- शैली समझना ।
- कहानी को उचित शीर्षक देने में सक्षम बनना।
- कहानी सृजन करने में सक्षम बनना।
- रपट लिखने की क्षमता प्राप्त करना।
- प्रोफाइल तैयार करना।

मूल्य / मनोभाव:-

- परिश्रम और दृढ़ निश्चय से सफलता मिलती है।

सामग्री:-

पी.पी.टी, चार्ट, मार्कर, पर्चियाँ।

अनौपचारिक संवाद:-

बच्चो, क्या आप सभी स्वप्न देखते हैं?

ठीक है।

तो आप क्या बनने का सपना देखते हैं?

(हर प्रतिक्रिया पर अध्यापिका अच्छा, बहुत अच्छा, अरे वाह, क्या बात है, बढ़िया आदि कहती हैं।)

अपना सपना पूरा करने के लिए आपको क्या करना चाहिए?

हाँ, कड़ी मेहनत (कड़ा परिश्रम)

ठीक है।

HINDI ADHYAPAK MANCH

पृष्ठ संख्या 17 खोलें।
(चित्र वाचन के लिए समय)
चित्र में कौन हैं ?
हाँ, गाँधीजी।
हमारे राष्ट्रपिता। बापू ।
गाँधी जी के साथ और कौन-कौन हैं?
हाँ, उनके अनुयायी।

संक्षिप्तीकरण:-
"गाँधीजी के नेतृत्व में लोग पदयात्रा कर रहे हैं।"

क्या आप बता सकते हैं कि इस पदयात्रा का उद्देश्य क्या होगा?
(अगर बच्चे बता न सकें तो पाठ का नाम पढ़ने का निर्देश दें)

'गाँधी जी की नमक कथा '
'नमक' का क्या अर्थ है?
(क्लू देकर बच्चों में उत्साह जगाएं)
जैसे:-
हर घर की रसोई (kitchen)में होता है।
सफेद है ।
इसके बिना भोजन अधूरा है।
(नमक)
क्या आपको 'गाँधीजी' और 'नमक' सुनकर कुछ याद आया?
हाँ, यह 'नमक सत्याग्रह 'है।
'दांडी यात्रा' है।
गाँधीजी ने और कौन-कौन सा आंदोलन किया था ?

HINDI ADHYAPAK MANCH

बच्चे अगर मातृभाषा में या अंग्रेजी में उत्तर दें तो अध्यापिका इस प्रकार कहें:-

- भारत छोड़ो आंदोलन
- असहयोग आंदोलन
- सविनय अवज्ञा आंदोलन

(चित्र के नीचे लिखे वाक्य पढ़ने का निर्देश)

यहाँ किन दो तरह के लोगों की बात कही गई है ?

हाँ,

एक जो केवल सपने देखते हैं।

दूसरे जो जागते हैं और कड़ी मेहनत करते हैं।

तो क्या केवल सपने देखने से सफलता मिल जाएगी ?

तो हमें क्या करना होगा ?

बच्चो,गाँधीजी ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया था।

और कौन-कौन महान व्यक्ति हैं, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया था ?

बच्चों की प्रतिक्रियाएं अध्यापिका श्यामपट पर लिखती हैं ।

जैसे :-

भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस,........

(उपरोक्त स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पुस्तिका में लिखने का समय दें )

गृह कार्य:-

स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र अपनी पुस्तिका में चिपकाएं और उनके नाम भी लिखें ।

बच्चो, क्या आपको खेल पसंद है?

तो आइए, एक खेल खेलें।

खेल है:-

" मैं कौन हूँ?"

HINDIADHYAPAK MANCH

तैयारी:-

मान लें, आपकी कक्षा में 42 बच्चे हैं और आप 7 दल बनाना चाहते हैं ।

अर्थात् प्रत्येक दल में 6 बच्चे ।

तो आप 42 कागज़ की पर्चियाँ (टुकड़े )लें।

7 अलग-अलग रंग के मार्कर लें। (प्रत्येक दल के लिए एक रंग)

नीले रंग के मार्कर से एक पर्ची पर लिखें:-

गाँधीजी (पर्ची 1)

इसी रंग के मार्कर से अन्य पाँच पर्चियों पर गाँधी जी के बारे में एक-एक वाक्य लिखें।

जैसे :-

- जन्म 1869 को पोरबंदर में हुआ (पर्ची 2)
- प्रिय भजन था- रघुपति राघव राजा राम...... (पर्ची 3)
- सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाया (पर्ची 4)
- पूरा नाम मोहनदास करमचंद गाँधी था।(पर्ची 5)
- समाधि राजघाट में है।(पर्ची 6)

इस तरह नीले रंग के मार्कर से लिखी हुईं 6 पर्चियाँ आपके पास तैयार हैं।

इसी तरह अन्य छह रंगों के मार्कर से पर्चियाँ बनाएं ।

- सुभाष चंद्र बोस (पर्ची 1)
- द्वितीय विश्व युद्ध में भाग लिया।(पर्ची 2)
- 'आज़ाद हिंद फौज़ 'का गठन किया ।(पर्ची 3)
- "तुम मुझे खून दो ,मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा।'"(पर्ची 4)
- ओडीशा के कटक में जन्म हुआ ।(पर्ची 5)
- 'जय हिंद' का नारा दिया ।(पर्ची 6)
- रानी लक्ष्मीबाई (पर्ची1)

HINDI ADHYAPAK MANCH

- झांसी की रानी (पर्ची 2)
- वाराणसी में जन्म हुआ। (पर्ची 3)
- तलवारबाज़ी और घुड़सवारी उनका शौक था ।(पर्ची 4)
- 1857 की क्रांति में भाग लिया। (पर्ची 5)
- बचपन का नाम मनु था। (पर्ची 6)

- अक्कम्मा चेरियन(पर्ची 1)
- जन्म केरल के कांजिरापल्ली में हुआ। (पर्ची 2)
- 'त्रावणकोर की लक्ष्मीबाई' नाम से जानी जाती हैं ।( पर्ची 3)
- भारत छोड़ो आंदोलन और सविनय अवज्ञा आंदोलन में भाग लिया ।(पर्ची 4)
- कौडियार महल तक जुलूस
- निकाला। (पर्ची 5 )

- बाल गंगाधर तिलक( पर्ची 1) *लोकमान्य तिलक(पर्ची 2)
- "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।"( पर्ची 3)
- जन्म महाराष्ट्र में हुआ ।(पर्ची4) *'केसरी' समाचार पत्र शुरू किया। (पर्ची 5)
- सबसे पहले 'पूर्ण स्वराज' की मांग की ।(पर्ची 6)

- भगत सिंह (पर्ची 1)
- जन्म पंजाब में हुआ ।(पर्ची 2)
- 23 साल की उम्र में फांसी पर चढ़ गए। (पर्ची 3)
- ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुला विद्रोह किया। (पर्ची 4)
- राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी पर चढ़े। (पर्ची 5)

- रवींद्रनाथ टैगोर (पर्ची 1)
- जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता में हुआ। ( पर्ची 2 )
- 'गुरुदेव' के नाम से जाने जाते हैं ।(पर्ची 3 )

HINDI ADHYAPAK MANCH

- एशिया के प्रथम 'नोबेल पुरस्कार' विजेता ( पर्ची 4)
- ब्रिटिश नीतियों के विरोध में आवाज़ उठाई।( पर्ची 5)
- 'गीतांजलि 'महाकाव्य के रचनाकार ।(पर्ची 6 )

- केरल गांधी के.केलप्पन( पर्ची 1)
- स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद् और पत्रकार थे ।(पर्ची 2)
- पय्यन्नूर और कोषिक्कोड नमक सत्याग्रह का नेतृत्व किया। (पर्ची 3 )
- केरल के पहले सत्याग्रही थे।(पर्ची 4)
- वैकोम सत्याग्रह में मुख्य भूमिका निभाई ।(पर्ची 5)
- 'गुरुवायुर सत्याग्रह' के नेता थे। (पर्ची 6)

सभी पर्चियों को एक बक्से में रखें और हरेक विद्यार्थी से एक पर्ची लेने को कहें ।
अब मार्कर के रंग के आधार पर दल बनाने को कहें।
प्रत्येक विद्यार्थी अपने दल में अपनी पर्ची पढ़े ।
जिन विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानी के नाम की पर्ची मिली है, वे अपने दल के नेता होंगे ।
प्रत्येक विद्यार्थी दल में बैठकर अपनी पुस्तिका में उस महान व्यक्ति का नाम और उनसे संबंधित सारे वाक्य लिखे।

इस तरह प्रत्येक विद्यार्थी की पुस्तिका में एक महान व्यक्ति का नाम और उनसे संबंधित जानकारी एकत्र है ।

दलों की प्रस्तुति :-

- पहले दल को आगे आने का अवसर दें ।
- दल के नेता को छोड़कर बाकी सभी सदस्य अपनी-अपनी पर्ची पर लिखे वाक्य पढ़ें।
- अन्य दलों के सदस्य बताएं कि यह जानकारी किस महान व्यक्ति से संबंधित है ।
- जो विद्यार्थी सही उत्तर बताने में समर्थ हो उसे अंक दें।उसका प्रोत्साहन करें ।



HINDI ADHYAPAK MANCH

- इसी तरह अन्य दलों को भी अवसर दें ।

पन्ना संख्या 18 खोलने का निर्देश।

- व्यक्तिगत वाचन का अवसर। (एक राजा ......... समझता है)
  (जरूरत हो तो अध्यापिका की मदद )
- दो-तीन बच्चों को वाचन का अवसर।
- दलों में वाचन का अवसर। *कठिन शब्दों के अर्थ खोजकर पुस्तिका में लिखने का अवसर।
- प्रत्येक दल में से किसी एक की प्रस्तुति।
- दलों में आशय विनिमय।
- अध्यापिका द्वारा वाचन ।

प्रतिक्रिया प्रश्न :-

(प्रतिक्रिया प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में नहीं बल्कि पूरे वाक्य में बताने के लिए प्रोत्साहित करें )

राजा की कितनी बेटियाँ थीं?

राजा ने बेटियों से क्या पूछा? पहली बेटी ने क्या जवाब दिया?

पहली बेटी का जवाब सुनकर राजा ने क्या किया ?

दूसरी बेटी ने क्या उत्तर दिया?

'सितारे' का क्या अर्थ है?

दूसरी बेटी का उत्तर सुनकर राजा ने क्या किया ?

तीसरी बेटी का जवाब क्या था? राजा को तीसरी बेटी का जवाब पसंद नहीं आया। क्यों?

'खाने में नमक जितना प्यार' से क्या मतलब है ?

खाने में नमक का क्या महत्व है?

अंत में राजा क्या समझ जाता है?

HINDIADHYAPAK MANCH

'प्यार की गहराई ' से क्या मतलब है?

बच्चो, आपने राजा की पहली, दूसरी और तीसरी बेटी का जवाब सुना।
अगर राजा की एक और बेटी होती तो उसका जवाब क्या होता?

गृहकार्य:-

राजा और उनकी बेटियों के बीच वार्तालाप लिखें।
राजा (पहली बेटी से)- बिटिया ,तुम मुझसे कितना प्यार करती हो?
पहली बेटी-............
राजा( दूसरी बेटी से)-और तुम?
दूसरी बेटी - ....
राजा (तीसरी बेटी से)-और तुम मुझसे कितना प्यार करती हो?
तीसरी बेटी-........

बच्चो, क्या आपको यह कहानी पसंद आई ?
तो कहानी का केंद्र बिंदु क्या है?
पन्ना संख्या 19 .

- व्यक्तिगत वाचन का अवसर ।
  (तुम ध्यान से ......,...आँखों में लिया था ।)
- कठिन शब्द रेखांकित करने का निर्देश दें।
- दो -तीन बच्चों की प्रस्तुति।
- दलों में वाचन का अवसर ।
- प्रत्येक दल से एक की प्रस्तुति।
- दलों में आशय विनिमय।

प्रतिक्रिया प्रश्न :-

तो बताओ यह कहानी किसकी है?
हाँ, नमक की कहानी ।



HINDI ADHYAPAK MANCH

बच्चो,हमें मालूम है महात्मा गांधी की भी नमक की एक कहानी थी।उस कहानी का नाम क्या था?

हाँ, दांडी यात्रा।

नमक सत्याग्रह ।

"'यह कहानी उन्होंने बोलकर नहीं लिखी बल्कि चलकर लिखी थी।'" इस वाक्य से क्या मतलब है?

हाँ, उन्होंने चलकर यात्रा पूरी की थी।

सैकड़ो मील चलकर दांडी यात्रा की थी।

इस यात्रा में गाँधी जी के साथ और कौन-कौन थे ?

हाँ,देश भर के लोग ।

वे सब क्यों चिंतित थे?

हाँ,अंग्रेजों की लूट से ।

'लूट' का क्या मतलब है?

भारतवासी क्या चाहते थे ?

देश को अंग्रेजों से मुक्त करना।

उन दिनों अंग्रेजों ने किस चीज़ पर टैक्स (कर)लगा रखा था ?

टैक्स लगाने का परिणाम क्या हुआ?

हाँ, नमक बहुत महंगा हो गया।

- संक्षिप्तीकरण

अंग्रेजों ने भारत के लोगों को खुद नमक बनाने से रोक रखा था और नमक पर टैक्स लगा रखा था। इसके विरोध में गांधी जी ने नमक सत्याग्रह किया।

पन्ना संख्या 20

- व्यक्तिगत वाचन का अवसर। (गांधीजी सालों ........चल पढ़ते थे )
- कठिन शब्द रेखांकित करने का निर्देश।

HINDI ADHYAPAK MANCH

- दलों में वाचन ।
- प्रत्येक दल से एक की प्रस्तुति।
- दलों में आशय विनिमय।
- अध्यापिका द्वारा वाचन।

प्रतिक्रिया प्रश्न :-

गाँधी जी ने दांडी यात्रा कहाँ से शुरू की थी ?

हाँ,साबरमती आश्रम, अहमदाबाद से।

गाँधी जी ने यात्रा कैसे पूरी की? (पैदल या गाड़ी से )

हाँ, पैदल (चलकर )

दांडी पहुँचकर गांधी जी ने क्या किया ?

गाँधी जी ने खुद नमक बनाया।

'काला कानून' से क्या मतलब है?

गाँधी जी ने किस तरह काला कानून तोड़ा?

समुद्र के पानी से नमक बनाकर।

यात्रा के दौरान गाँव वालों ने किस तरह गाँधीजी का साथ दिया?

पन्ना संख्या 20

- व्यक्तिगत वाचन का अवसर। (दांडी पहुँचते ही ..... चंगुल से छूटे थे)
- कठिन शब्द रेखांकित करने का अवसर ।
- दो-तीन बच्चों की प्रस्तुति।
- दलों में वाचन का अवसर।
- प्रत्येक दल से एक की प्रस्तुति।
- अध्यापिका की प्रस्तुति ।
- दलों में आशय विनिमय।

HINDI ADHYAPAK MANCH

प्रतिक्रिया प्रश्न :-

दांडी पहुंचने ही लोगों ने क्या देखा ?

गाँधी जी ने जब मुट्ठी भर नमक उठाया तो किसका रास्ता खुल गया ?

दांडी यात्रा की शुरुआत कब हुई?

12 मार्च 1930 को।

दांडी यात्रा कितने किलोमीटर लंबी थी ?

390 किलोमीटर (240 मील)

यात्रा कहाँ पहुँचकर समाप्त हुई?

दांडी में समुद्र किनारे।

यह यात्रा कितने दिन चली?

24 दिन।

दांडी यात्रा के कितने सालों बाद देश आजाद हो गया ?

पन्ना संख्या 21.

गतिविधि एक :-

इन घटनाओं को क्रम से लिखें (बच्चों को घटनाएं पढ़ने का समय दें)

घटनाओं को क्रम से लिखने का अवसर दें ।

गतिविधि दो:-

रपट लिखें

(रपट के लिए आवश्यक इनपुट देने के लिए अध्यापिका बच्चों से निम्न प्रश्न पूछें)

इस पाठ में किस घटना का वर्णन है ?

हाँ, दांडी यात्रा या नमक सत्याग्रह।

नमक सत्याग्रह से आप क्या समझते हो?

गाँधी जी ने समुद्र के पानी से नमक बनाकर काला कानून तोड़ा।

'नमक सत्याग्रह 'की शुरुआत कब हुई ?'

12 मार्च 1930 को।



HINDI ADHYAPAK MANCH

नमक सत्याग्रह की शुरुआत कहाँ से हुई?
साबरमती आश्रम, अहमदाबाद से ।
नमक सत्याग्रह क्यों किया गया?
अंग्रेजों ने भारतीयों को खुद नमक बनाने से रोक रखा था। नमक के लिए टैक्स देना पड़ता था। इसके विरोध में नमक सत्याग्रह किया गया।
नमक सत्याग्रह कैसे किया गया?
समुद्र के पानी से नमक बनाकर।
नमक सत्याग्रह किस दिन समाप्त हुआ ?
6 अप्रैल 1930 को।

बच्चों की सारी प्रतिक्रियाएं अध्यापिका श्यामपट पर लिखती हैं ।रपट लिखने के गुणवत्ता सूचक पर चर्चा चलाती हैं।

अध्यापिका कहती हैं:-
मान लें, आज 7 अप्रैल 1930 का दिन है। आज के समाचार पत्र में 'नमक सत्याग्रह' पर एक रपट छपी है।
वह रपट कैसी होगी ?
क्या आप वह रपट तैयार कर सकते हैं?

रपट लिखने के लिए अध्यापिका थोड़ीऔर मदद इस प्रकार से करती हैं:-

कल सुबह 12 मार्च को गांधीजी अपने कुछ अनुयायियों के साथ दांडी यात्रापरनिकले।.................................

- दलों में रपट लिखने का अवसर दें।
- रपट के लिए उचित शीर्षक लिखने का निर्देश दें।
- प्रत्येक दल की प्रस्तुति।
- दालों में परिमार्जन।

HINDIADHYAPAK MANCH

अध्यापक वर्शन:-

## नमक सत्याग्रह

अहमदाबाद: गाँधीजी अपने कुछ अनुयायियों के साथ कल दांडी पहुँचे ।वहाँ उन्होंने समुद्र के पानी से खुद नमक बनाया और अंग्रेजों का काला कानून तोड़ा। यह यात्रा 22 मार्च को गाँधीजी के साबरमती आश्रम (अहमदाबाद) से शुरू हुई थी और कल 12 अप्रैल को समाप्त हुई। गांधी जी ने यह यात्रा 24 दिनों में पूरी की।

इस पाठ के लिए कोई अन्य शीर्षक देने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करें।

पन्ना संख्या 22.
गतिविधि 3:-

प्रत्येक विद्यार्थी की पुस्तिका में किसी एक स्वतंत्रता सेनानी के बारे में जानकारी उपलब्ध है ।
इस जानकारी के आधार पर प्रोफाइल बनाने का निर्देश दें।

प्रत्येक दल अपनी प्रोफाइल अन्य दलों को हस्तांतरित करें और एक एल्बम बनाएं ।

गृह कार्य:-

डिजिटल एल्बम बनाएं ।
अवसर मिलने पर प्रदर्शनी चलाएं।

HINDI ADHYAPAK MANCH